श्री गिरिराज सिंह, माननीय मंत्री, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय, भारत सरकार के साथ राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस – 2020 पर विचार-विमर्श बैठक

भारत सरकार के राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एन एफ डी बी), द्वारा 10 जुलाई 2020 को ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस 2020 मनाने के लिए एक वर्चुअल विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। भारत सरकार के पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय के माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी ने बैठक में अध्यक्ष रहे। भारत सरकार के मत्स्य पालन मंत्रालय के सचिव, संयुक्त सचिव और एन एफ डी बी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गण भी बैठक में उपस्थित थे। मन्नार खाड़ी और पाक खाड़ी में समुद्री पिंजरा मछली पालन करने वाले कुल 10 मछली पालनकारों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। बैठक में सी एम एफ आर आइ, मंडपम क्षेत्रीय केंद्र के समुद्री संवर्धन प्रभाग के वैज्ञानिकों और सी एस आइ आर- सी एस एम सी आर आइ के वैज्ञानिकों ने भी समुद्री शैवाल किसानों के साथ बैठक में भाग लिया। संवादात्मक बैठक अपराह्न 3.00 बजे शुरू हुई। विचार-विमर्श 15.50 बजे तक सुचारू रूप से चल रहा था, जिसमें एन एफ एफ बी बी, ओड़ीषा, एन बी एफ जी आर, लखनऊ, बिहार और राजस्थान के किसानों द्वारा माननीय मंत्री के साथ विचार-विमर्श हुआ।

इसके बाद आमंत्रित किसानों के साथ सी एम एफ आर आइ-मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा बातचीत हुई।

वर्चुअल बैठक

विमर्श बैठक